# बिहार प्रशासनिक सुधार मिशन सोसाइटी

## (सामान्य प्रशासन विभाग)

### निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– 02/2020

**मासिक भाड़े पर वाणिज्यिक निबंधित वाहन उपलब्ध कराने से संबंधित आवश्यक सूचना।**

बिहार प्रशासनिक सुधार मिशन सोसाइटी के द्वारा विभिन्न विभागीय लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी एवं बिहार प्रशासनिक सुधार मिशन सोसाइटी के प्रयोजन हेतु मासिक भाड़े पर वाणिज्यिक निबंधित लगभग 24 (चौबीस) वाहनों (ईंधन, चालक एवं रख–रखाव पर व्यय सहित) की आवश्यकता से संबंधित निविदा आमंत्रित किया जा रहा है। निविदा दिनांक–18.03.2020 को अपराह्न 01 बजे तक बिहार प्रशासनिक सुधार मिशन सोसाईटी के सिंचाई बैरक संख्या–1, हार्डिंग रोड, पटना–800015 के कार्यालय में समर्पित किया जा सकता है। विस्तृत निविदा सूचना बिहार प्रशासनिक सुधार मिशन सोसाइटी के **Website-** ***http://bpsm.bih.nic.in*** पर देखी जा सकती है।

**अपर मिशन निदेशक**
**बिहार प्रशासनिक सुधार मिशन सोसाइटी**
**(सामान्य प्रशासन विभाग)**

## बिहार प्रशासनिक सुधार मिशन सोसाइटी
## (सामान्य प्रशासन विभाग)
## सिंचाई बैरक संख्या–1, हार्डिंग रोड, पटना–800015

---

## निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– 02/2020

---

बिहार प्रशासनिक सुधार मिशन सोसाइटी (सामान्य प्रशासन विभाग), सिंचाई बैरक संख्या–1, हार्डिंग रोड, पटना–800015 को विभिन्न विभागीय लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी एवं बिहार प्रशासनिक सुधार मिशन सोसाइटी के प्रयोजन हेतु मासिक भाड़े पर लगभग 24 वाहनों (ईंधन, चालक एवं रख रखाव पर व्यय सहित) की आवश्यकता है। वाहनों की संख्या आवश्यकता के अनुसार बढ़ाई या घटाई जा सकती है।

वर्णित वाहनों की आपूर्ति हेतु एजेंसियों से निम्न शर्त्तों के अधीन दिनांक–18.03.2020 को अपराह्न 01:00 बजे तक बिहार प्रशासनिक सुधार मिशन सोसाइटी के सिंचाई बैरक संख्या–1, हार्डिंग रोड, पटना–800015 के कार्यालय में निविदा प्राप्त की जाएगी। उसी दिन अपराह्न 03:00 बजे तकनीकी निविदा खोली जाएगी। निविदादाता अथवा उनके प्राधिकृत प्रतिनिधि के अनुपस्थित रहने की स्थिति में भी ससमय प्राप्त निविदाएँ खोल दी जाएगी।

निविदा प्रक्रिया 2 Bid System के अनुसार दो अलग–अलग सीलबंद लिफाफे में प्राप्त किये जायेगें जिस पर स्पष्ट रूप से क्रमशः तकनीकी निविदा एवं वित्तीय निविदा अंकित होगा। इन दोनो सीलबंद लिफाफों को एक बड़े लिफाफे में रखकर सीलबंद कर निर्धारित समय–सीमा के पूर्व समर्पित करना होगा। निर्धारित समय–सीमा के पश्चात प्राप्त होने वाले किसी भी निविदा पर विचार नहीं किया जाएगा।

### आवश्यक शर्त्तें

i. प्रत्येक वाहन से संबंधित सभी कागजातों (यथा–वाणिज्यिक निबंधन, अद्यतन फिटनेस सर्टिफिकेट, अद्यतन बीमा प्रमाण पत्र, अद्यतन प्रदूषण संबंधी प्रमाण पत्र, सभी कर भुगतान, परमिट आदि) एवं चालक के ड्राईविंग लाइसेंस की स्व–अभिप्रमाणित छायाप्रति वाहन उपलब्ध कराने के पूर्व अनिवार्य रूप से कार्यालय को उपलब्ध कराना होगा।

ii. वाणिज्यिक निबंधित वाहन 2018 अथवा उसके बाद का मॉडल होना अनिवार्य है। वाहन अच्छी स्थिति में होना अनिवार्य होगा।

iii. उपलब्ध कराये गये वाहन से संबंधित ईंधन, चालक एवं रख–रखाव पर व्यय एवं संबंधित सभी कर, Penalty एवं Fines का वहन एजेंसी के द्वारा किया जाएगा। भाड़े पर उपलब्ध कराये गये वाहन में किसी भी प्रकार की क्षति/हानि आदि को एजेंसी को वहन करना होगा। इसके लिये बिहार प्रशासनिक सुधार मिशन सोसाइटी जिम्मेवार नहीं होगा।

iv. उपलब्ध कराये गये वाहन के चालक का मानदेय एवं अन्य व्यय, दैनिक रख–रखाव एवं मरम्मति आदि पर होने वाले व्यय का वहन एजेंसी के द्वारा किया जाना होगा।

v. चयनित एजेंसी को एकरारनामा के समय एजेंसी अथवा एजेंसी के प्रोपराईटर के नाम से वाणिज्यिक रूप से निबंधित वाहनों की सूची उपलब्ध करानी होगी। यदि चयनित एजेंसी द्वारा किसी अन्य व्यक्ति या संस्था के नाम से वाणिज्यिक रूप से निबंधित वाहन उपलब्ध कराया जाता है तो वैसी स्थिति में चयनित एजेंसी एवं उक्त संबंधित

vii. वाणिज्यिक निबंधित वाहन उपलब्ध कराये जाने से संबंधित स्वघोषणा–पत्र ।

viii. सभी समर्पित कागजात के सही होने का स्वघोषणा–पत्र मूल में समर्पित करना होगा।

**वित्तीय निविदा**

i. निविदाओं के तकनीकी निविदा मूल्यांकन के पश्चात वित्तीय निविदा खोलने की तिथि एवं समय की सूचना दी जाएगी।

ii. वित्तीय निविदा में वर्णित राशि सभी कर को समाहित करते हुए ही दी जायेगी।

iii. वित्तीय निविदा इस निविदा आमंत्रण सूचना के साथ संलग्न विहित प्रपत्र में ही देना होगा। किसी अन्य प्रपत्र में समर्पित वित्तीय निविदा अस्वीकार कर दिया जायेगा।

विस्तृत जानकारी के लिए किसी भी कार्यदिवस में बिहार प्रशासनिक सुधार मिशन सोसाइटी के कार्यालय में अथवा मिशन के हेल्पलाईन नं०–0612–2233333 पर संपर्क किया जा सकता है ।

**अपर मिशन निदेशक**
बिहार प्रशासनिक सुधार मिशन सोसाइटी

## मासिक दर पर भाड़े पर वाहन उपलब्ध कराने हेतु तकनीकी निविदा का प्रपत्र

| क्र. | संलग्न किये जाने वाले कागजात | संबंधित कागजातों की स्वअभिप्रमाणित प्रति संलग्न करें |
|---|---|---|
| *1* | *2* | *3* |
| 1 | एजेंसी/फर्म का निबंधन प्रमाण पत्र (यथा Shops & Establishment Act/ Companies Act के अंतर्गत निबंधन संख्या) | |
| 2 | GST निबंधन का प्रमाण पत्र | |
| 3 | आयकर संबंधी प्रमाण पत्र यथा– पैन कार्ड | |
| 4 | काली सूची में दर्ज नहीं होने संबंधी स्वघोषणा–पत्र | |
| 5 | कार्य करने का न्यूनतम एक वर्ष का कार्य अनुभव से संबंधित कागजात | |
| 6 | मिशन निदेशक, बिहार प्रशासनिक सुधार मिशन सोसाइटी के नाम से ₹ 2,00,000.00 (दो लाख रूपये) का डिमांड ड्राफ्ट Earnest Money Deposit के रूप में | |
| 7 | वाणिज्यिक निबंधित वाहन उपलब्ध कराये जाने से संबंधित स्वघोषणा–पत्र । | |
| 8 | सभी समर्पित कागजात के सही होने का स्वघोषणा–पत्र मूल में | |

**निविदादाता का पूर्ण हस्ताक्षर : ..................................................**

**एजेंसी/फर्म का नाम : ..................................................................**

D:\GautamD\Tender\Car Tender-02-2020\Car Tender-02-2020.docx

# मासिक दर पर भाड़े पर वाहन उपलब्ध कराने हेतु वित्तीय निविदा का प्रपत्र

| क्र. स. | श्रेणी | वाहन का प्रकार | | प्रतिमाह 1000 किलोमीटर तक (चालक, ईंधन, अनुरक्षण एवं अन्य सभी कर सहित) | प्रतिमाह 1500 किलोमीटर तक (चालक, ईंधन, अनुरक्षण एवं अन्य सभी कर सहित) | प्रतिमाह 2000 किलोमीटर तक (चालक, ईंधन, अनुरक्षण एवं अन्य सभी कर सहित) | अतिरिक्त किलोमीटर का दर (चालक, ईंधन, अनुरक्षण एवं अन्य सभी कर सहित) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | क | टाटा जेस्ट / होण्डा एमेज / मारूति स्वीफ्ट डिजायर | नन् ए0सी0 | | | | |
| 2 | ख | टाटा जेस्ट / होण्डा एमेज / मारूति स्वीफ्ट डिजायर | ए0सी0 | | | | |
| 3 | ग | स्कॉरपिओ / डस्टर | ए0 सी0 | | | | |
| 4 | घ | इनोवा क्रिस्टा | ए0सी0 | | | | |
| 5 | ड. | होंडा सिटी / सी.आर.वी. | ए0सी0 | | | | |

**निविदादाता का पूर्ण हस्ताक्षर : ..................................................**

**एजेंसी / फर्म के प्रोपराईटर अथवा**
**उनके प्राधिकृत प्रतिनिधि का नाम : ..............................................................**

D:\GautamD\Tender\Car Tender-02-2020\Car Tender-02-2020.docx